प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 04.06.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. लोकसभा की सभी 543 सीटों की मतगणना रुझानों के अनुसार, एनडीए 294 सीट पर और आईएनडीआईए 227 सीटों पर आगे।
2. प्रदेश की 80 सीटों की मतगणना के रुझानों के मुताबिक, इंडिया ब्लॉक 44 सीटों और एनडीए 35 सीटा पर जीत के करीब।
3. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी सीट, डिम्पल यादव ने मैनपुरी सीट पर दर्ज की जीत : रायबरेली सीट से राहुल गांधी और कन्नौज सीट से अखिलेश यादव जीत के करीब
4. प्रदेश में बसपा नहीं जीत सकी एक भी सीट : नगीना से आजाद समाज पार्टी– काशीराम के चन्द्रशेखर आजाद ने दर्ज की जीत। और
5. प्रदेश की चार सीटों पर हुए उपचुनाव में दो सीटों पर भाजपा और दो सीटों पर सपा ने बनाई बढ़त।

———————

18वीं लोकसभा के चुनाव के लिए वोटों की गिनती जारी है। आज आंध्र प्रदेश और ओडिसा विधानसभा चुनाव तथा 25 अन्य विधानसभा सीटों के उप–चुनाव के लिए भी मतगणना हुई। लोकसभा की सभी पांच सा 43 सीटों के रुझान सामने आ गये हैं। एनडीए ने अब तक 117 सीट

जीती है और 174 सीट पर आगे है। इंडिया ब्लॉक ने 49 सीट जीती है और 184 सीट पर आगे है। अन्य दलों ने पांच सीटें जीती है और 14 सीटों पर आगे चल रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी 69 सीटों पर जीत चुकी है और 171 सीटों पर बढ़त बनाये हुए है, जबकि कांग्रेस 32 सीट जीत चुकी है और 66 सीटों पर बढत बनाए हुए है।

मध्यप्रदेश की 29 सीटा में से तीन सीटें भाजपा ने जीत ली है और बाकी की 26 सीटों पर पार्टी प्रत्याशी आगे चल रहे हं। विदिषा सीट से भाजपा प्रत्याशी और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 8 लाख से अधिक मतों के अन्तर के साथ अपनी जीत सुनिश्चित कर ली है। श्री चौहान ने कहा कि जनता का समर्थन नरेन्द्र मोदी के प्रति विश्वास और कार्यकर्ताओं की मेहनत का नतीजा है। बाइट...........

हिमाचल प्रदेश की चार सीटों में से दो सीट भाजपा ने जीत ली है और बाकी दो सीटों पर पार्टी आगे चल रही है। मंडी सीट पर अभिनेत्री कंगना रनौत ने जीत दर्ज की है। हमीरपुर सीट पर केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने एक लाख 80 हजार से अधिक मतों से जीत दर्ज की है। जीत के बाद श्री ठाकुर ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और कार्यकर्ताओं की जीत है। बाइट..........

उत्तराखंड की पांचों सीटों, दिल्ली की सातों सीटों हिमाचल प्रदेश की सभी चार सीटों और अरूणाचल प्रदेश की दोनों सीटों पर भाजपा आगे चल रही है। हरियाणा की 10 में से 5 पर भाजपा और 5 पर कांग्रेस आगे है। महाराष्ट्र की 48 सीट में से कांग्रेस 12, भाजपा 11, शिवसेना शिंदे गुट 6, एनसीपी– शरद पवार गुट 7, शिवसेना का उद्धव ठाकरे 10 और एन सी पी अजीत पवार गुट एक और निर्दलीय एक सीट पर आगे हैं।

दिल्ली में प्रेसवार्ता करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि आज लोकतंत्र की जीत हुई है और हम सभी साथियों के साथ मिलकर आगे की रणनीति तय करेंगे। बाइट...........

आंध्र प्रदेश विधानसभा की 175 सीटों में से 31 सीटों के परिणाम आ गए हैं। तेलगुदेशम पार्टी ने 23 जनसेना पार्टी ने 5 और भाजपा ने तीन सीटे जीत ली है । रूझान के अनुसार तेलगुदेशम पार्टी 113, वाईएसआर पार्टी 10, जनसेना पार्टी 16 और भाजपा 5 सीटों पर आगे है।

उधर, ओडिसा विधानसभा के लिए भाजपा ने चार सीट, बीजू जनता दल और कांग्रेस ने एक–एक सीट जीत ली है। ताजा रूझान के अनुसार भाजपा 75, सत्तारूढ बीजू जनता दल 49 और कांग्रेस 13 पर आगे हैं, निर्दलीय उम्मी

दवार 3 और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी एक सीट पर आगे हैं।

—————————

उत्तर प्रदेश की 80 में से अब तक भाजपा ने चार सीट जीती है और 29 सीटों पर आगे है। सपा ने एक सीट जीती है और 36 पर आगे है। कांग्रेस ने एक सीट जीती है और पांच पर आगे हैं। इसके अलावा 2 पर आरएलडी और एक पर अपना दल सोनेलाल आगे हैं, एक सीट पर आजाद समाज पार्टी– काशीराम के चन्द्रशेखर आजाद ने जीत दर्ज की है।

चुनाव आयोग के मुताबिक, सीतापुर लोकसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी राकेश राठौर ने अपने निकटतम प्रत्याशी भारतीय जनता पार्टी के राजेश वर्मा को 89 हजार 641 मतों से हराया है। वहीं वाराणसी लोकसभा सीट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस समाजवादी पार्टी गठबंधन के प्रत्याशी अजय राय को एक लाख 52 हजार 513 मतों से हराया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को छह लाख 12 हजार 970 मत प्राप्त हुए। वहाँ कांग्रेस प्रत्याशी अजय राय को चार लाख 60 हजार 457 मत मिले। बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी अतहर जमाल लारी 33 हजार 766 मत पाकर तीसरे स्थान पर रहे।

*वाराणसी से हमारे प्रतिनिधि मनीष सिंह हमारे साथ जुड़ रहे हैं।*

*मनीष, आज के नतीजों को किस तरह से देखते हैं ?*

**रक्षामंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता राजनाथ सिंह लखनऊ लोकसभा सीट से अपने निकटतम प्रतिद्वंदी समाजवादी पार्टी प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा से 98 हजार से ज्यादा मतों से आगे चल रहे हैं।**

**गौतमबुद्धनगर सीट पर भाजपा प्रत्याशी डॉ0 महेश शर्मा ने पांच लाख उन्सठ हजार 472 मतों से जीत हासिल की है। डॉ0 महेश शर्मा को आठ लाख सत्तावन हजार 829 मत हासिल हुए। वहीं दूसरे स्थान पर रहे समाजवादी पार्टी के डॉ0 महेन्द्र सिंह नागर को दो लाख अट्ठानवे हजार 357 मत हासिल हुए। इस सीट पर बसपा के राजेन्द्र सिंह सोलंकी दो लाख 51 हजार 615 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहे।**

**कैसरगंज लोकसभा सीट पर भाजपा के करण भूषण सिंह ने एक लाख 48 हजार 843 मतों से जीत हासिल की है। उन्होंने 5 लाख 71 हजार 263 मत हासिल किये। वहीं दूसरे स्थान पर रहने वाले सपा प्रत्याशी भगतराम ने 4 लाख 22 हजार 420 मत प्राप्त हुए। बसपा के नरेन्द्र पाण्डेय 44 हजार 279 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहे।**

गोरखपुर लोकसभा सीट पर भाजपा रवि किशन शुक्ला ने एक लाख तीन हजार 526 मतों से सपा की काजल निषाद को हराया है। इस सीट पर बसपा के जावेद अशरफ तीसरे स्थान पर रहे।

डुमरियागंज लोकसभा सीट पर भाजपा के जगदम्बिका पाल ने समाजवादी पार्टी के भीष्म शंकर को 42 हजार 728 मतों से हराया है। इस सीट पर अमर सिंह चौधरी 81 हजार 305 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी उत्तर प्रदेश के रायबरेली निर्वाचन क्षेत्र से साढ़े तीन लाख से अधिक मतों के अंतर से आगे चल रहे हैं।

राहुल गांधी ने दिल्ली में प्रेसवार्ता कर उत्तर प्रदेश की जनता का आभार जताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता ने अपनी राजनीतिक समझ का परिचय दिया है और संविधान को बचाने के लिये मतदान किया है। बाइट.........

दूसरी ओर अमेठी से कांग्रेस उम्मीदवार किशोरी लाल अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से डेढ़ लाख से अधिक मतों के अंतर से आगे चल रहे हैं।

कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल ने कहा कि यह जनता की जीत है और आलाकमान की जीत है। बाइट.........

भाजपा की वरिष्ठ नेता स्मृति ईरानी ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान अमेठी के विकास के लिये काम किया और आगे भी वह अमेठी की सेवा करती रहेंगी। बाइट...........

अयोध्या जिले की लोकसभा सीट फैजाबाद पर समाजवादी पार्टी प्रत्याशी अवधेश प्रसाद भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह से 50 हजार से ज्यादा मतों से आगे चल रहे हैं।

भाजपा के कई बड़े मंत्री उत्तर प्रदेश में पीछे नजर आ रहे हैं। अभी तक के रुझानों के मुताबिक, फतेहपुर सीट पर केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति सपा के नरेश चन्द्र उत्तम पटेल से करीब 34 हजार से ज्यादा वोटों से पीछे चल रही हैं।

*फतेहपुर से हमारे प्रतिनिधि नितेश श्रीवास्तव हमारे साथ जुड़ रहे हैं ?*

*नितेश, आज के नतीजे को लेकर जनपद में क्या माहौल है?*

जालौन सीट पर केन्द्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा सपा के नारायण दास से 53 हजार से अधिक वोटों से पीछे चल

रहे हैं। इस सीट पर बसपा के सुरेश चन्द्र गौतम तीसरे स्थान पर है।

चंदौली सीट से भाजपा के प्रत्याशी डॉ. महेंद्रनाथ पांडेय सपा के बोरेन्द्र सिंह से 21 हजार से अधिक वोट से पीछे हैं। खीरी लोकसभा सीट पर केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अजय मिश्र टेनी सपा के उत्कर्ष वर्मा से 34 हजार से अधिक वोटों से पीछे चल रहे हैं।

लखनऊ से हमारे साथ जुड़ रहे हैं हमारे संवाददाता सुशील चन्द्र तिवारी

सुशील..........प्रदेश में भाजपा को इस बार बड़ा झटका लगा है इसके पीछे आपको क्या कारण लगते हैं ?

सुशील......... सपा और कांग्रेस के लिहाज से आज के नतीजों को आप कैसे देखते हैं ?

इस बार उत्तर प्रदेश में आम चुनाव लड़ रहे मुलायम सिंह यादव परिवार के 5 में से दो सदस्य जीत चुके हैं और दो अपने प्रतिद्वंद्वियों से आगे चल रहे हैं।

मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार डिंपल यादव चुनाव जीत गई हैं। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार

जयवीर सिंह को 2 लाख 21 हजार 639 मतों के अंतर से हराया है। डिंपल को कुल 5 लाख 98 हजार 526 और जयवीर सिंह को 3 लाख 76 हजार 887 मत मिले हैं। इसके अलावा आजमगढ़ लोकसभा सीट पर सपा के धर्मेन्द्र यादव ने भाजपा के दिनेश लाल यादव को एक लाख 61 हजार 35 मतों से हराया है। धर्मेन्द्र यादव को कुल 5 लाख 8 हजार 239 मत मिले हैं। वहीं भाजपा को दिनेश लाल यादव को तीन लाख 47 हजार 204 मत प्राप्त हुए हैं। बसपा से मोहम्मद सबीहा अंसारी को एक लाख उन्यासी हजार 839 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहे हैं। आदित्य यादव बदायूँ में पीछे चल रहे हैं, जबकि कन्नौज सीट पर अखिलेश यादव एक लाख 70 हजार मतों से आगे चल रहे हैं। इसके अलावा फिरोजाबाद सीट से अक्षय यादव आगे चल रहे हैं।

प्रदेश में चार सीटों पर हुए उपचुनाव में से 2 सीटों, लखनऊ पूर्वी और शाहजहांपुर की ददरौल विधानसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी आगे चल रहे हैं। वहीं बलरामपुर की गैसणो और सोनभद्र की दुद्धी विधानसभा सीट पर सपा प्रत्याशी आगे हैं।

लखनऊ पूर्वी सीट पर भारतीय जनता पार्टी के ओपी श्रीवास्तव निकटतम प्रतिद्वंदो कांग्रेस उम्मीदवार मुकश सिंह

चौहान से 36 हजार से अधिक वोटों से आगे चल रहे हैं। ददरौल सीट पर भारतीय जनता पार्टी के अरविन्द कुमार सिंह निकटतम प्रतिद्वंदी सपा प्रत्याशी अवधेश कुमार वर्मा से 15 हजार से अधिक वोटों से बढ़त बनाये हुए हैं। गैसणी सीट पर सपा प्रत्याशी राकेश कुमार यादव भाजपा प्रत्याशी शैलेश कुमार शैलू से नौ हजार वोटों से आगे चल रहे हैं। दुद्धी विधानसभा सीट पर सपा प्रत्याशी विजय सिंह भाजपा प्रत्याशी श्रवण कुमार से पांच हजार से अधिक वोटों से आगे चल रहे हैं।

———————

लोकसभा चुनाव 2024 के मंगलवार को आए रुझानों और नतीजों में बहुजन समाजपार्टी को बड़ी निराशा मिली है प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने वालीबसपा इसबार के चुनाव में खाता भी नहीं खोल सकी.. 2019 के लोकसभा चुनाव में प्रदेशके 10 सीटों पर बसपा ने जीत हासिल की थी तब सपा के साथ पार्टी का गठबंधन था..वहींपश्चिमी यूपी की नगीना सीट से आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर ने जीत हासिल की है।

अभी के ताजा हालात क्या है आज के नतीजे भविष्य की राजनीति को कैसे प्रभावित करेंगे। इसके लिये चलते है अपने संवाददाता सुशील चंद तिवारी के पास ?

बसपा के लिये नतीजों को आप कैसे देखते हैं ?

(समाप्त)